STEPPING STONE SCHOOL (HIGH)

CLASS 8

Subject: Hindi (2nd language) Date:30-05-2020

Topic- Answers to worksheets

Edit with WPS Office

# class-8

subject-Hindi
topic- Answers to worksheets
dates-13-04-2020, 20-04-2020, 21-04-2020, 24-04-2020, 04-05-2020, 06-05-2020

## Answer to worksheet-1
date-13-04-2020

प्र-1) (क) पक्षी – खग, विहग, विहंगम, खेचर।
बालक – बच्चा, शिशु, लड़का, शावक, बाल।
पेड़ – वृक्ष, विटप, तरु।
हवा – वायु, अनिल, पवन, समीर।
जल – पानी, नीर, वारि, उदक।

प्र-2) – (i) दुराचार (ii) गरीब (iii) उष्ण (iv) अप्रत्यक्ष (v) दूषित

प्र-3) अंबर – आकाश, कपड़ा, कपास, अभ्र धातु।
कर – हाथ, सूड़, किरण, टैक्स।
अरुण – लाल, सूर्य, सूर्य का सारथी, इत्यादि।
पत्र – पंख, पत्ता, चिट्ठी।
मित्र – सूर्य, दोस्त, प्रिय, सहयोगी।

उ-4) (क) दैनिक (ख) अनंत (ग) अनुपम
(घ) सहपाठी (ङ) आस्तिक

उ-5) (क) मोर के पंख सुन्दर होते हैं।
(ख) बच्चे बगीचे में खेल रहे थे।
(ग) उनके आँख में तिनका चला गया।
(घ) वृक्ष हरे-भरे हैं।
(ङ) वह ऊँची इमारत को देखता ही रह गया।

उ-6) (क) लक्ष्मीबाई वीरांगना थी।
(ख) सूरज पूरब से निकलता है।
(ग) विभा ने पत्र लिखा।
(घ) लक्ष्मीबाई वीरांगना थी।
(ङ) कुत्ता भौंकने लगा।



Edit with WPS Office

Answer to worksheet-2
date-20-04-2020

Page :
Date : / /

उ-1) (क) आँख – अक्षि, लोचन, नयन, दृग, विलोचन, नेत्र, चक्षु।
(ख) अमृत – सुधा, पीयूष, अमिय, सोम, अमी।
(ग) आकाश – गगन, आसमान, नभ, शून्य, व्योम, अनंत, अंबर
(घ) कमल – जलज, पंकज, नीरज, अंबुज, वारिज, सरोज
उ-2) (क) प्रकाश (ख) अनर्थ (ग) प्रतिकूल (घ) अग्रज
उ-3) (क) बचपन (ख) मनुष्यता (ग) शिशुता/शैशव (घ) चोरी
उ-4) (क) जान हथेली पर रखना – (जान की परवाह न करना) भारतीय सैनिक अपनी जान हथेली पर रख कर दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए।
(ख) छठी का दूध याद आना – (मुसिबत में पड़ना) – बिना पूरी तैयारी के परीक्षा में बैठने के कारण पूनम को छठी का दूध याद आ गया।
(ग) निगाह फेरना – (बेरुखी दिखाना) – जब भी किसी की मदद की बात हो तो रमेश अपनी निगाहें फेर लेता है क्योंकि वह स्वार्थी है।
(घ) घोड़े बेचकर सोना – (निश्चिंत होना) – परीक्षा का आखिरी पर्चा देने के बाद कौशल घोड़े बेचकर सोया।
उ-5) (क) अजर (ख) अगम (ग) अमर (घ) अदृश्य
उ-6) (क) अध्यापक लड़कों को पढ़ा रहा है।
(ख) ब्राह्मणी ने राम के घर खाना खाई।
(ग) शेरनी ने महिला को घायल क–
(घ) धोबी ने कपड़े धोए।
उ-7) (क) हाथी जंगल में दौड़ रहा है।
(ख) लोटा पानी में डूब गया।
(ग) मैंने निबंध लिखा।
(घ) मछली उड़ती नहीं है।

Answer to
worksheet-3
date-21-04-2020

उ-1) (क) किरण – अंशु, कर, रश्मि, मरीचि, मयूख।
(ख) दिन – दिवस, वासर, वार।
(ग) दुनिया – सृष्टि, उत्पत्ति, रचना, संसार
(घ) पर्वत – पहाड़, भूधर, गिरि, अचल, शैल, नग।
उ-2) (क) अनुचित (ख) अनुदार/संकीर्ण (ग) अवनति (घ) अनिच्छा
उ-3) (क) अरुण – सूर्य का सारथी, लाल, सिंदूर।
(ख) अर्क – सूर्य, रस, पंडित, रविवार, आक का पौधा
(ग) कर्ण – कान, कुंती पुत्र।
(घ) जग – संसार, एक बरतन (पानी रखने का)



Edit with WPS Office

प्र 4) (क) अंधे के आगे रोना – (निर्दयी के सामने दुखड़ा रोना) – सोहन से मदद माँगने का मतलब है अंधे के रोने जैसी स्थिति का होना क्योंकि वह स्वार्थी है।
(ख) आग में घी डालना – (क्रोध को और भड़काना) – रीता की चाची हमेशा आग में घी डालने का काम करती है जिससे परिस्थिति और बिगड़ जाती है।
(ग) अक्ल पर पत्थर पड़ना – (बुद्धि से काम न लेना) – मोहन किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक पूरा नहीं कर सकता क्योंकि उसके अक्ल पर पत्थर पड़ा है।
(घ) आँच न आने देना – (तनिक भी क्षति न पहुँचने देना) – माँ हमेशा अपने बच्चों को इस प्रकार सुरक्षित रखना चाहती है मानो उस पर कोई आँच न आए।

प्र-5) (क) हिरण कैसे दौड़ता है?
(ख) भूतकाल (ग) लड़के भाग गए।
(घ) पानी लगातार बरस रहा है।

Answer to worksheet-6
24-04-2020

प्र) (क) ईश्वरी एक बड़े जमींदार का बेटा था और जमींदारों का पक्ष लेता था।
(ख) ईश्वरी का पहलू कमजोर था क्योंकि उसके पास जमींदारों के अनुकूल कोई पहलू न थी।
(ग) वक्ता के अनुसार इस व्यवस्था का औचित्य सिद्ध करना कठिन था। वे हमेशा लगने वाली बाते ईश्वरी को कहते थे परन्तु ईश्वरी हार कर भी मुस्कुराता रहता था।
(घ) अमीरों जैसी बेदर्दी एवं उद्दंडता ईश्वरी के स्वभाव में था वह नौकरों के साथ बहुत बुरा व्यवहार करता था।
(ङ) दोस्तों से उसका व्यवहार सौहार्द्र और नम्रता से भरा होता था।
(च) ईश्वरी विलासी और ऐश्वर्य प्रिय था तथा वक्ता का स्वभाव निजी दशाओं पर टिका हुआ था।
(छ) वक्ता ने दशहरे में घर न जाने का फैसला किया क्योंकि उसके पास किराये के पैसे नहीं थे और घर वालों को तकलीफ नहीं देना चाहता था।
(ज) वक्ता दशहरे की छुट्टियों में ईश्वरी के घर गया क्योंकि वह ईश्वरी के साथ मिलकर परीक्षा की तैयारी करना चाहता था।
(झ) घर जाने के पहले ईश्वरी ने वक्ता से कहा कि वहाँ जाकर जमींदारों की बुराई मत करना, क्योंकि इससे घर वालों को बुरा लगेगा।



Edit with WPS Office

क्र(ज) – ईश्वरी ने वक्ता से कहा कि वहाँ जाकर तुम कैसा व्यवहार करते हो यह तुम पर छोड़ता हूँ।

Answer to worksheet-7

date-04-07-2020

क्र-1) (क) सूर्य – सूरज, रवि, दिनकर, दिवाकर, आदित्य।
(ख) वायु – हवा, पवन, अनिल, समीर, वात।
(ग) बादल – घन, जलधर, मेघ, जलद, नीरद, वारिद।
(घ) आग – ~~अग्नि~~ अग्नि, अनल, पावक, ज्वाला।

क्र-2) (क) दुर्जन (ख) वियोग (ग) सरस (घ) हर्ष

क्र-3) (क) प्रियदर्शी (ख) जिज्ञासु (ग) दुर्बोध (घ) साप्ताहिक

क्र-4) (क) पाँव उखड़ना – (लड़ाई में टिक न पाना) – भारत के सैनिकों की वीरता के सामने दुश्मन के सैनिकों के पाँव उखड़ गए।
(ख) अंगारे उगालना – (क्रोध में कठोर वचन बोलना) – जब शिवाजी ने मुगल सेनापति को युद्ध के लिए तैयार देखा तो वे अंगार उगलने लगे।
(ग) तलवे चाटना – (चापलूसी करना) राम अपने अफसर के तलवे चाटता रहता है।
(घ) आँखें दिखाना – (धमकाना) – मोहन हमेशा अपने से छोटों को आँखें दिखाकर काम करवा लेता है।

क्र-5) (क) नैतिक (ख) कुलिन (ग) औषिक (घ) सुरीला

क्र-6) (क) कारीगरी (ख) दानवता (ग) गुरुत्व (घ) शत्रुता



Edit with WPS Office

Answer to worksheet-9

date-06-05-2020

उ-1) वक्ता पहली बार सेकंड क्लास में सफर कर रहा था तथा ट्रेन रात को नौ बजे थी।

उ-2) उन लोगों ने स्टेशन पर रिफ्रेशमेंट-रूम में भोजन किया

उ-3) ईश्वरी के हुक्म पर उसके पीछे खानसामें दौड़ते थे क्योंकि वे सभी को अलग से इनाम देता था।

उ-4) ईश्वरी ने कहा कि उसके नौकर इन खानसामों जैसे तमीजदार नहीं हैं।

उ-5) यह बात ईश्वरी ने वक्ता से कही क्योंकि वक्ता ने उसके (ईश्वरी) नौकरों को आठ आने रोज इनाम देने की बात कही थी।

उ-6) भोर होते ही वे लोग मुरादाबाद पहुँचे। स्टेशन पर दो भद्र पुरुष इंतजार कर रहे थे।

उ-7) दोनों भद्र पुरुषों में एक मुसलमान था, रियासत अली; दूसरा ब्राह्मण था, रामहरख।

उ-8) ईश्वरी ने रियासत अली से कहा कि हम दोनों साथ रहते एवं पढ़ते हैं।

उ-9) रियासत अली ने वक्ता से कहा की वे (वक्ता) बहुत सादे लिबास में रहते हैं। ईश्वरी ने कहा कि कि वे (वक्ता) महात्मा गाँधी के भक्त हैं।

उ-10) रामहरख ने कहा की अमिरों का ऐसा स्वभाव कम देखने को मिलता है।

उ-11) वक्ता को घोड़े की सवारी के दौरान ऐसा लग रहा था कि उसके शरीर का अंग-अंग काँप रहा था।



Edit with WPS Office

## लिखित (Writing Skills)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–

(क) बच्चे कहाँ जाने के लिए ज़्यादा प्रसन्न हो रहे थे?

(अ) मस्जिद ☐ (ब) ईदगाह ☐ (स) मज़ार ☐ (द) दुकान ☐

(ख) हामिद कितने साल का बच्चा था?

(अ) चार-पाँच ☐ (ब) पाँच-छह ☐ (स) छह-सात ☐ (द) सात-आठ ☐

(ग) हामिद ने मेले से क्या खरीदा?

(अ) खिलौना ☐ (ब) मिठाई ☐ (स) चिमटा ☐ (द) भिश्ती ☐

(घ) मेले से खँजरी किसने खरीदी?

(अ) हामिद ने ☐ (ब) मोहसिन ने ☐ (स) महमूद ने ☐ (द) सम्मी ने ☐

2. लघु उत्तरीय प्रश्न–

(क) "दिल पर जो बीतती थी, वह दिल में ही सहती थी।" अर्थ बताइए।

(ख) अमीना का दिल क्यों कचोट रहा था?

(ग) "उस अठन्नी को ईमान की तरह बचाती चली आती थी इसी ईद के लिए।" तात्पर्य बताइए।

(घ) हामिद ने अपनी दादी के लिए चिमटा क्यों खरीदा?

(ङ) "हामिद रेवड़ी ले जा। कितनी खुशबूदार है।" किसने, किससे, किस संदर्भ में कहा?

(i) क्या वह सचमुच हामिद को रेवड़ी देना चाहता था?

(ii) इस बात को कहने के पीछे क्या प्रयोजन था?

(ii) "तुम लोगों के सारे खिलौनों की जान निकल जाए।" इस बात से हामिद क्या कहना चाहता था?

Edit with WPS Office

## ईदगाह

प्र-1) (मौखिक) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

(क) गाँव में हलचल क्यों थी?
(ख) ईदगाह जाने की क्या तैयारियाँ हो रही थी?
(ग) बच्चे क्या गिन रहे थें?
(घ) हामिद के माता पिता कैसे मर गए?
(ङ.) हामिद किसके साथ रहता था?

उ)→ (क) गांव में हलचल ईदगाह जाने के लिए थी।
(ख) ईदगाह जाने के लिए कोई अपने कुरते की बटन टाँक रहा था, कोई जूते में तेल डाल रहा था तथा कोई बैलों को सानी-पानी दे रहा था।
(ग) बच्चे बार-बार जेब से पैसे निकाल कर गिन रहे थे और उन पैसों से वह क्या-क्या खरीदेंगें सोचते रहते थे।
(घ) हामिद के पिता हैजे से तथा माता किसी बिमारी से मर गए थे।
(ङ.) हमिद अपनी बूढ़ी दादी अमीना के साथ रहता था।

प्र-1) (लिखित) निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाए:-

(क) बच्चे कहाँ जाने के लिए ज्यादा प्रसन्न हो रहे थे?
— ईदगाह
(ख) हामीद कितने साल का बच्चा था?
— चार-पाँच साल
(ग) हामीद ने मेले से क्या खरीदा?
— चिमटा
(घ) मेले से खँजरी किसने खरीदी?
— सम्मी

प्र-2) लघु उत्तरीय प्रश्न:-

(क) दिल पर जो बीतती थी, वह दिल में ही सहती थी।" अर्थ बताइए।
उ.) प्रस्तुत वाक्यांश हामिद की माँ के लिए कहा गया है



Edit with WPS Office

क्योंकि वह खुद बिमार थी तथा हामिद के पिता गुजर गए थे और घर पर हामिद और उसके दादी के अलावा कोई नही था। वे बहुत गरीब थे इसलिए वह अपनी कष्ट किसे को बताए बिना ही इस दुनिया से चली गई।

(ख) अमीना का दिल क्यों कचोट रहा था?

• उ→ गाँव के सभी बच्चे अपने पिता के साथ ईदगाह जा रहे थे परन्तु हामिद अकेला ही तीन कोस (लगभग-10 कि.मी.) रास्ता तय करके नंगे पाँव ईदगाह जा रहा था और उसकी दादी उसके साथ नही जा रही थी क्योंकि उसे सेवइयाँ पकाना था। इस बात को सोच कर अमीना का दिल कचोट रहा था।

(ग) इस अठन्नी को ईमान की तरह बचाती चली आती थी इसी ईद के लिए।" तात्पर्य बताइए।

• उ→ हामिद के दादी को फहीमन के कपड़े सिलने पर आठ आन (पचास पैसे) मिले थे जिसे वह अपने ईमान की तरह बचा कर रखी थी क्योंकि उनके पास इन पैसों के अलावा कोई पैसा नही था जिसे वह ईद के मौके पर हामिद के लिए खर्च करना चाहती थी।

(घ) हामिद ने अपने दादी के लिए चिमटा क्यों खरीदा?

• उ) हामिद की दादी जब रोटियाँ सेंकती थी तो उनका हाथ जल जाता था। वह चिमटा खरीद कर दादी को देना चाहता था ताकि दादी प्रसन्न हो जाए और उनकी ऊँगली भी न जले। इसके अलावा घर में एक काम की चीज हो जाएगी।

(ङ) 'हामिद रेबड़ी ले जा। कितनी खुशबूदार है।" किसने किससे किस संदर्भ में कहा?

• उ→ प्रस्तुत वाक्य मोहसिन ने हामिद से कहा क्योंकि उसके पास रेवड़ी खरीदने के पैसे नही थे। मोहसिन उसे दिखा-दिखाकर रेवड़ी खा रहा था और बाकी बच्चे उसे चिढ़ा रहे थे।



Edit with WPS Office

(i) क्या वह सचमुच हामिद को रेवड़ी देना चाहता था?

उ-) नहीं, वह हामिद को रेवड़ी देना नहीं चाहता था।

(ii) इस बात को कहने के पीछे क्या प्रयोजन था?

उ-) यह कहकर वह हामिद को चिढ़ा रहा था।

(iii) "तुम लोगों के सारे खिलौने के जान निकल जाए।" इस बात से हामिद क्या कहना चाहता था?

उ-) इस वाक्य द्वारा हामिद दूसरे बच्चों को यह कहना चाहता था कि उनके खिलौने जल्द टूट जाएंगे परन्तु उसका चिमटा बहुत दिनों तक रहेगा।

p

Edit with WPS Office